आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# मोदी सरकार अंत्योदय के संकल्प को सिद्धि में बदल रही : बाबूलाल

**विश्व कल्याण भारत की सनातन संस्कृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद दर्शन प्राणिमात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी में अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत का मंत्र समाहित है। ये बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 118वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास अंत्योदय का ही सहज सरल रूप है। मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार अपने प्रेरणा पुंज महामानव दीनदयाल जी के सपनों को साकार करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, दलित, वंचित समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर तेजी से अंत्योदय के संकल्प को सिद्धि में बदल रही है। उन्होंने कहा कि जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना सभी अंत्योदय को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एकात्म मानववाद दर्शन भारत की सनातन संस्कृति विश्व बंधुत्व को साकार करता है। श्री मरांडी ने कहा कि दीनदयाल जी के चिंतन को मजबूती प्रदान करते हुए भारत तेजी से विश्व का अग्रणी विकसित देश बनेगा। कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू ने भी संबोधित किया। कहा कि दीनदयाल जी कभी विचारों से डिगे नहीं। उन्होंने चुनाव हार जाना स्वीकार किया, लेकिन जाति के नाम पर वोट मांगना नहीं स्वीकारा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह,हेमंत दास,सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक,प्रतुल शाहदेव, मृत्युंजय शर्मा, राकेश भास्कर, संदीप वर्मा, राजीव रंजन मिश्र,सूरज जायसवाल, रामचंद्र केसरी, सुनील साहू, राजेंद्र केसरी संजय जायसवाल, अरुण झा, शोभा यादव, वरुण साहू, बलराम सिंह, निशि जायसवाल, लक्ष्मी कुमारी, बबिता कुमारी, राजेश चौधरी, अनिल सिंह, चंदन कुमार, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, बिपिन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल है।

## कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने साधा निशाना

# महिला आरक्षण बिल पूरी तरह से मोदी सरकार का चुनावी जुमला:रागिनी नायक

**मोदी सरकार का अब तक का कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दोनों सदन से महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद इस पर राजनीति शुरू हो गयी है। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर सीधे हमला करते हुए महिला आरक्षण को इसी चुनावी साल लागू करने की मांग की है। इसे लेकर कांग्रेस के नेता देशभर में प्रेस कांफ्रेंस कर इसे भाजपा की ध्यान भटकाने वाली राजनीति बता रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक झारखंड की राजधानी रांची पहुंचीं। कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि संसद के विशेष सत्र में पारित महिला आरक्षण बिल पूरी तरह से मोदी सरकार का चुनावी जुमला है। आइवाश है। 2014 के चुनाव में भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का एक प्रमुख वादा था। मगर नौ साल बीत जाने और सोनिया गांधी और राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गये पत्र के बाद और इंडिया गठबंधन से घबराहट के बाद आनन-फानन में यह बिल लाया गया। मगर इस बिल में ऐसी शर्तें हैं, जिनके चलते यह 2039 में ही लागू हो पायेगा। राष्ट्रीय जनगणना अब 2026 में शुरू होगी, जिसमें तीन-चार साल लगेंगे। फाइनल डाटा आते-आते और समय लगेगा। इसके बाद परिसीमन लागू किया जायेगा, जिसमें काफी वक्त लग जायेगा। यानि वर्तमान स्वरूप में इसे लागू होते-होते 2039 आ जायेगा। इसलिए यह बिल केवल और केवल आइवाश है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 2014 से अब तक का कोई वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मतलब साफ है मोदी रीत सदा चली आयी, जो कहे कभी नहीं निभायी। रागिनी नायक ने कहा कि जिस आरएसएस में एक सरसंघचालक महिला नहीं बनी और न कभी बन सकती है, वह विचारधारा वाली पार्टी कभी भी महिलाओं को उनके अधिकार नहीं दे सकती है। भाजपा को डर है कि इंडिया गठबंधन कहीं जीत न जाये, इसी कारण मोदी सरकार ने महिलाओं को झुनझुना थमा दिया। रागिनी नायक ने भाजपा की महिला सांसदों और मंत्रियों को सलाह दी कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह केवल किसी पार्टी की सांसद और मंत्री नहीं हैं, वे देश की आधी आबादी का भी प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्हें बोलना चाहिए। कहा कि सरकार ने अब तक 2011 की जनगणना का पूरा डाटा सार्वजनिक नहीं किया है। रागिनी नायक ने कहा कि भाजपा के 10 सीएम में केवल एक ओबीसी हैं, जबकि कांग्रेस के चार में से तीन सीएम ओबीसी हैं। अब भाजपा ही बताये कि वह कितना ओबीसी प्रेमी है। अगर पीएम मोदी को कोई कुछ बोल देता तो कहते फिरते हैं कि एक पिछड़ा वर्ग के नेता और पीएम को अपमानित किया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ तौसीफ आलम, आभा सिन्हा, संदीप पॉल मंजुनि सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा

# याचिका में सीएम ने जानबूझ कर छोड़ा डिफेक्ट

**उच्च न्यायालय में मामले को लटकाने की साजिश : प्रतुल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी लीगल टीम पर हाइकोर्ट में मामले को जबरन लटकाने का बड़ा आरोप लगाया।

प्रतुल ने उच्च न्यायालय की वेबसाइट से निकाले हुए दस्तावेज को जारी करते हुए दिखाया कि किस तरीके से 23 तारीख को मुख्यमंत्री की लीगल टीम ने उनके इशारे पर जिस याचिका को हाइकोर्ट में दाखिल किया है, उसमें पांच डिफेक्ट लगे हुए हैं।

प्रतुल ने कहा यह सिर्फ चतुराई और धूर्तता से इडी समन मामले को उलझाने का प्रयास है। प्रतुल ने कहा कि क्या मुख्यमंत्री के महंगे वकीलों, लीगल टीम को यह भी नहीं पता कि याचिका की एक्स्ट्रा कॉपी दी जाती है।

प्रतुल ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन पूरे जोर-जोर से कहता है कि मुख्यमंत्री इडी के मामले में उच्च न्यायालय गये हैं। लेकिन याचिकाओं में डिफेक्ट को छोड़ दिया है। यानी मामला तब तक सूचीबद्ध नहीं होगा, जब तक इन डिफेक्ट को दूर नहीं किया जायेगा। यानी एक बार फिर से लटकाने का प्रयास हो रहा।

प्रतुल ने कहा कि यह पहला मामला नहीं है जब डिफेक्ट छोड़ कर मुख्यमंत्री ने याचिका को लटकाया हो। इसके पूर्व भी जब उन्होंने झारखंड के राज्यपाल के खिलाफ नवंबर, 2022 में मुकदमा दाखिल किया था, वह आज तक इसलिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है, क्योंकि उसमें भी अभी तक डिफेक्ट है। प्रतुल ने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री ने खूब प्रचार किया था कि राज्यपाल के खिलाफ उच्च न्यायालय गये हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझ कर इन मुकदमों में डिफेक्ट छोड़ दिया जाता है, जिससे मामला उच्च न्यायालय में फाइल तो हो जाये, लेकिन सूचीबद्ध नहीं हो। कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि मामला उच्च न्यायालय में 11 महीने से डिफेक्ट के कारण क्यों लंबित है? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को पता है कि कानून के लंबे हाथ उन तक पहुंच गए है, इसलिए वह सारे मामले को ज्यादा से ज्यादा टालने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बहुत दिनों तक यह चाल कामयाब नहीं होगी। प्रेस वार्ता में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, मोर्चा के प्रभारी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मोर्चा के महामंत्री विंदेश्वर उरांव भी उपस्थित थे।

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का गुमला दौरा आज

**बोनी फास के नेतृत्व में सैकड़ों जन प्रतिनिधि थामेंगे आजसू पार्टी का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो मंगलवार को गुमला का दौरा करेंगे। गुमला के चैनपुर एवं रायडीह में मुख्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम बोनी फास के नेतृत्व में सैकड़ों जन प्रतिनिधि आजसू पार्टी में शामिल होंगे। इस दौरान सुदेश कुमार महतो, रायडीह भी जायेंगे जहां वो स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़े छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरण करेंगे।

**तीन दिवसीय महाधिवेशन राज्यव्यापी सोच को एक आधार देगा: डॉ देवशरण भगत**

आजसू पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने बताया कि आगामी 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को होने वाले आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन को लेकर लगभग सारी तयैरियां पूरी हो चुकी हैं। महाधिवेशन के सफल बनाने के लिए अलग-अलग कमेटी का गठन कर लिया गया है। जिसमें सुरक्षा, स्वागत, संचालन, आवास, फूड आदि शामिल हैं। केंद्रीय महाधिवेशन का लक्ष्य राज्य के लोगों को एक मंच देना और संवाद से समाधान ढूंढना है। इसके माध्यम से राज्य हित में सोचने वाले सभी लोगों के लिए खुला मंच मिलेगा। जो भी राज्य हित में सोचते हैं वे अपने विचार इस मंच पर रख पायेंगे। अगर कोई किसी कारणवश इस महाधिवेशन में शामिल नहीं हो पा रहा तो वह अपने विचार को वीडियो और ऑडियो के जरिए भी भेज सकता है। आजसू हर एक विचार को संग्रहित कर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेगी, जिससे पार्टी को राज्य के विकास पर काम करने में आसानी होगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हाइकोर्ट में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की ओर से जमानत अर्जी दायर

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनकी ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। 18 सितंबर को इडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10 बजे इडी ने विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गयी थी।

### नेहरू युवा केंद्र ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को नेहरू युवा केंद्र रांची (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार) और सहयोगी संस्था के रूप में विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर रातू रोड स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक एसपी सिंह और विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजीत कुमार उपस्थित थे। वही सभी लोगों को मेरी माटी मेरा देश के पंच प्रण की शपथ दिलायी। एसपी सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कार्यों के साथ एकात्म मानवतावाद पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्रवण, प्रियांशी, अजहर, गोविंद, अमित पांडेय, आकांक्षा उपाध्याय, अर्जुन कुमार, आदित्य कुमार, खुशी, दीपशिखा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिटी एसपी ने कांटाटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया, दिये कई निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। सिटी एसपी ने सोमवार को कांटाटोली में बन रहे फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और करवाने को कहा। उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तारीफ कर हौसला बढ़ाया और उन्हें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करनेवालों पर कार्रवाई करने को कहा। शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए गाड़ियों को रोड पर खड़ा करने से रोकने का निर्देश दिया। सिटी एसपी ने फ्लाई ओवर का काम कर रहे इंजीनियरों से फ्लाई ओवर का काम जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।

### डॉ राजेंद्र कुमार हाजरा को मिला प्राइड ऑफ भारत अवॉर्ड

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के एक्यूपंक्चर स्पाइन विशेषज्ञ डॉ राजेंद्र कुमार हाजरा को गोवा में द मोस्ट एडमायर्ड एक्यूपंक्चर स्पाइन स्पेशलिस्ट ऑफ द ईयर 2023 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। डॉ राजेंद्र ने यह अवार्ड फिल्म अभिनेत्री जूही चावला के हाथों प्राप्त किया। यह सम्मान बड़े-बड़े कॉरपोरेट जगत के लोगों के बीच स्पाइन रोगियों को बिना सर्जरी इलाज के लिए दिया गया। बता दें कि डॉक्टर हाजरा को स्पाइन चिकित्सा के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया।

### प्रतियोगिता का उद्घाटन 29 सितंबर को

रांची (आजाद सिपाही)। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय स्क्वाश प्रतियोगिता रांची क्लब में 29 सितंबर को होगी। कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 11 बजे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के रवि कुमार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी और अन्य करेंगे। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 बालक और बालिका वर्ग में रांची जिला की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता के बाद खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा, जिसके बाद खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूली खेल में भाग लेंगे।

### डीएवी हेहल के रसायन विज्ञान के शिक्षक सतीश सिन्हा नहीं रहे

रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी हेहल के रसायन विज्ञान के शिक्षक सतीश सिन्हा हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनकी यादें डीएवी हेहल में हमेशा रहेगीं, वे न केवल एक शिक्षक थे, बल्कि मुस्कुराते हुए और सुंदर चेहरे वाले महान इंसान भी थे। आखिरकार वह जिंदगी की जंग जीतने में असफल रहे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। बस दु:ख इस बात का है कि वह आज हम सभी को छोड़ कर चले गये। आपकी शिक्षाएं हमारे दिलो-दिमाग में हमेशा गूंजती रहेंगी, आपको शाश्वत शांति मिले।

# शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा में शामिल होंगे श्री महावीर मंडल के सदस्य

**मंदिरों और अखाड़ों में महावीरी पताका लगायी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को श्री महावीर मंडल रांची की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल झारखंड द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष डॉ जीवाधन प्रसाद, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, राम वानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह उपस्थित थे। बैठक का संचालन श्री महावीर मंडल रांची के मंत्री कैलाश केसरी और धन्यवाद ज्ञापन राहुल सिन्हा चंकी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजधानी के सभी मंदिरों और अखाड़ों में 03 अक्टूबर (मंगलवार) को पूजा अर्चना कर महावीरी पताका लगायी जायेगी। विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल झारखंड के द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा (08 अक्टूबर 2023) में हजारों की संख्या में अखाड़ों एवं मंदिरों में स्थापित महावीरी पताका एवं गाजे-बाजे के साथ शामिल होंगे। धर्मसभा को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल रांची सभी क्षेत्र के अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं के साथ बैठक करेगी। इस मौके पर पीयूष आनंद, सोनू पटवा, शाहिल कुमार, राकेश सिंह, ज्योति साहू, अमरदीप साहू, सुमित साहू, नवनीत पांडेय, पंचम महतो, अभिषेक सिंह राजपूत, सूर्य कुमार पासवान, जयमेश तिग्गा, अनुभव कुमार, दुर्गा कुमार साहू, सागर गुप्ता, मनीष साहू, रोहित साहू, प्रीत मिश्रा, आयुष सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी शामिल थे।

## कार्यक्रम : रांची विश्वविद्यालय में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने की पूजा-अर्चना

# देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है करम पर्व



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड समेत देश भर के आदिवासी करम पूजा मना रहे हैं। शैक्षणिक संस्थानों के अलावा सामाजिक संगठनों की ओर से भी करम पूजा का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची विश्वविद्यालय में आयोजित करम महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर राधाकृष्णन ने कहा कि करम पूजा, जिसे करम पर्व के रूप में भी मनाया जाता है, हमारे राज्य के सबसे बड़े त्योहारों में एक है।

यह पर्व देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है। इसे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक संरक्षित करने में मदद करता है। जिस तरह केला का एक पेड़ अपने पीछे नन्हे पौधे को छोड़ जाता है, उसी प्रकार यह उत्सव भी भावी पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति बहुत जीवंत है। यहां विभिन्न धर्मों, समुदायों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। हमारा देश अनेकता में एकता का अनुपम और उत्कृष्ट उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और मानव के बीच के गहरे और अटूट रिश्ते को दर्शाता है। हमारे जनजातीय भाई-बहन सही मायने में प्रकृति के संरक्षक हैं। वे प्रकृति का मान-सम्मान करते हैं और पूरी दुनिया को इसके संरक्षण का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण पूरा विश्व पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनैतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में करम पूजा पूरे विश्व के लिए एक बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर झारखंड के समृद्ध भविष्य का आशीर्वाद मांगते हुए सभी की खुशहाली की कामना की।

# पूर्वजों से मिली विरासत को संरक्षित और अक्षुण्ण रखने के साथ और आगे ले जाना है : हेमंत सोरेन

**विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख - समृद्धि और शांति की कामना की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पर्व-त्योहारों से हमारी आस्था, परंपरा और सभ्यता-संस्कृति जुड़ी होती है। इससे जीवन मे प्रेम, खुशी, उमंग, उल्लास और उत्साह आता है। ऐसे में पर्व- त्योहारों के जश्न से कोई कैसे अलग रह सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रांची महिला कॉलेज (साइंस ब्लॉक) स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करमा पूजा महोत्सव में सम्मिलित होकर लोगों संग खुशियां बांटी। मुख्यमंत्री ने यहां अखरा में करम डाल की पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास और सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

**आदि परंपरा को अक्षुण्ण और आगे ले जाना है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी आदिवासी सभ्यता संस्कृति और परंपरा काफी समृद्ध और गौरवशाली रही है। करम पर्व प्रकृति से जुड़ा एक परंपरागत त्यौहार है। पूर्वजों से मिली अपनी इस विरासत को हमें संरक्षित और अक्षुण्ण रखने के साथ और भी आगे ले जाना है।

**प्रकृति से हो रहा छेड़छाड़ चिंता का विषय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में विकास के नाम पर प्रकृति के साथ निरंतर छेड़छाड़ हो रहा है। जंगल काटे जा रहे हैं। नदी-नालों और पहाड़ों का अतिक्रमण हो रहा है। शहरों में हरियाली गायब हो रही है। कहीं बाढ़ आ रहा है तो कहीं सूखा पड़ रहा है। पर्यावरण में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह मानव जीवन के खतरनाक चुनौती है। अगर हम सचेत नहीं हुए तो हमारे साथ आने वाली पीढ़ी को भी इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

**प्राकृतिक संसाधनों को बचाते हुए विकास के रास्ते पर आगे बढ़े:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इस धरती को बचाना है तो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना होगा। हमें प्रकृति से संबंध बनाते हुए विकास के रास्ते पर आगे बढ़ना है। आज हम करम पर्व के अवसर पर प्रकृति को सुरक्षित करने का संकल्प लें।

**सभी छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में तेजी से छात्रावासों का रेनोवेशन भी तेजी से हो रहा है। इन छात्रावासों में सिक्योरिटी गार्ड रसोईया और अनाज की व्यवस्था भी सरकार करेगी यहां रहने वाले बच्चों को अब सिर्फ पढ़ाई पर की चिंता करनी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाएं जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यहां छात्रों और छात्राओं के लिए अलग-अलग मल्टी स्टोरेज छात्रावास बनाये जायेंगे।

**अपने परिवार समाज राज्य और देश को मजबूत करने का संकल्प लें**

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको आगे बढ़ने का मार्ग सरकार प्रशस्त कर रही है। लेकिन, चलना आपको होगा। आप सही दिशा में आगे बढ़े, इसके लिए सरकार आपको हर संभव मदद करेगी। उन्होंने करमा पूजा के इस अवसर पर विद्यार्थियों से अपने परिवार, समाज राज्य और देश को मजबूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## डीएसपीएमयू में करम महोत्सव का आयोजन

# हर गांव में होगा अखड़ा का निर्माण : डॉ रामेश्वर उरांव



**मातृभाषा हमारी संस्कृति की धरोहर है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में करम महोत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि डॉ टीएन साहू, कुलपति झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी, लोक कलाकार पद्मश्री मधु मंसूरी, वरिष्ठ साहित्यकार महादेव टोप्पो आदि उपस्थित थे। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हर गांव में अखड़ा निर्माण सुनिश्चित किया जाये। आदिवासी मूलवासी की मातृभाषा में संवाद करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति की धरोहर है। इसे सुरक्षित रखने के लिए हर गांव में अखड़ा निर्माण कराने और झारखंड के सभी विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में इन भाषाओं की पढ़ाई और लोक संस्कृति को बचाने पर विशेष ध्यान दिया जाना है।

इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता, डॉ जिंदर सिंह मुंडा, डॉ अभय सागर मिंज के अलावा जनजातीय विभाग के शिक्षक, विद्यार्थियों के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्री श्याम मंदिर में पदमा एकादशी मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को जय-जय-जय खाटू के वासी जय-जय बाबा श्याम शरणागत हम आये आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के ताली कीर्तन से प्रातः श्रृंगार आरती के बाद हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था भादो माह की शुक्ल पक्ष के पदमा एकादशी का। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः से भक्तजन उमड़ पड़े। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पद्मा एकादशी के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को नवीन पोशाक (बागा) पहनाया गया। श्रवण ढनढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, साकेत गौरव, अग्रवाल मोनू, अनुज मोदी, अशोक शर्मा, वेद भूषण जैन, पवन शर्मा, मदन सोनी, तनय काठपाल, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, राजेश कटारुका ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। भजनों के प्रवाह में भक्तजन झूम रहे थे। देर रात महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संजय सराफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि ने भक्तजनों को प्रसाद अर्पित किया। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों की जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## भाजमो ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी

# अवसरवाद से राजनीति के प्रति लोगों का विश्वास खत्म होता जा रहा है: धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय रांची में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। जयंती को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा है अवसरवाद से राजनीति के प्रति लोगों का विश्वास खत्म होता जा रहा है। अपने राष्ट्र की पहचान को भूलाना भारत के मूलभूत समस्याओं का प्रमुख कारण है। बिना राष्ट्रीय पहचान के स्वतंत्रता की कल्पना व्यर्थ नैतिकता के सिद्धांत किसी व्यक्ति द्वारा बनायी नहीं जाते हैं बल्कि खोजे जाते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र धर्म और स्वदेशी एकात्म मानववाद, लोकमान्य तिलक की राजनीति पर भी प्रकाश डाला था। इस मौके पर आशीष शीतल मुंडा, मिथिलेश कुमार, संतोष श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की कांग्रेस भवन में जनसुनवाई, सुनी फरियाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची। रांची के कांग्रेस भवन में सोमवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई की। निर्धारित समय से मंत्री बन्ना गुप्ता करीब डेढ़ घंटे देर से पहुंचे। आम जनता अपनी फरियाद लेकर समय पर पहुंच चुकी थी। सभी मंत्री बन्ना गुप्ता का इंतजार कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जनसुनवाई का तय समय खत्म होने ही वाला था, इसके कुछ समय पहले मंत्री बन्ना गुप्ता कांग्रेस भवन पहुंचे और लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान पिछली जनसुनवाई में पहुंची एक महिला दोबारा जनसुनवाई में पहुंची और कहा कि आदेश के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

# झारखंड हाइकोर्ट में आज 11 बजे के बाद न्यायिक कार्य नहीं होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में दिन के 11 बजे के बाद न्यायिक कार्य नहीं होंगे। झारखंड हाइकोर्ट ने नोटिस जारी कर यह सूचना दी है कि मंगलवार को हाइकोर्ट में दिवंगत जस्टिस केपी देव के निधन पर शोक मनाया जायेगा। इसलिए 11 बजे के बाद से न्यायिक कार्य नहीं किया जायेगा। हाईकोर्ट में मंगलवार को सभी न्यायाधीश और न्यायिक पदाधिकारी शोकसभा में शामिल होंगे। बता दें कि शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट के सीटिंग जज केपी देव का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद पूरे झारखंड में शोक का माहौल है।

# योगदा सत्संग कॉलेज के प्राचार्य को हटाये जाने तक लड़ाई जारी रखेंगे : रोहित पांडेय

**रांची (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआइ के प्रदेश सचिव रोहित पांडेय ने कहा कि योगदा सत्संग कॉलेज के प्राचार्य डॉ श्यामा पांडेय, जिनकी नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग ने खारिज कर दी है, आयोग के खिलाफ अदालत चले गये हैं। मामले की सुनवाई करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने आयोग को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का नोटिस जारी किया। न्यायालय ने मामले पर रोक लगाने के डॉ. पांडेय के अनुरोध को ठुकरा दिया। इस बीच कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. पांडेय को हटाने के बजाय साजिश रचते हुए उन्हें लंबी छुट्टी पर भेज दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ पांडेय को हटाये जाने तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

# अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड ने कुमार विशु विशाल को श्रद्धांजलि दी

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड ने सोमवार को वाइवीएन स्कूल धुर्वा के सभागार में पत्रकार एवं समाजसेवी कुमार विशु विशाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। विशु विशाल का देहांत रविवार को रिम्स में इलाज के दौरान हो गया था। पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत कम समय में अपना एक पहचान बनाये थे। कार्यक्रम में महासभा के सभी पदाधिकारियों ने कुमार विशु विशाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने सरकार से परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से महासभा के वीरेंद्र यादव, बनारस यादव, शंभू नाथ यादव, लालजी यादव, कमलेश यादव, सरवन यादव, जसवंत यादव ,रामदयाल यादव, संतोष यादव, रितेश यादव, रामप्रवेश यादव सहित कई अन्य मौजूद थे।

# सुब्रतो कप फुटबॉल : एनसीसी को हरा कर झारखंड फाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सुब्रतो मुखर्जी सोसायटी की ओर से 19 से 26 सितंबर तक नयी दिल्ली में 62वां अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट चल रहा है। बीते वर्ष की चैंपियन टीम आवासीय बालिका फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर गुमला ने इस वर्ष भी फाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को हरियाणा से फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेगी। सोमवार को खेले गये सेमी फाइनल मुकाबले में झारखंड का सामना एनसीसी की टीम से हुआ। झारखंड की टीम ने जीत की लय बरकरार रखते हुए एनसीसी को 2-0 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में अल्का इंदवार और बिनीता होरो ने 1-1 गोल दागे।

आवासीय बालिका फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर गुमला को बधाई इस वर्ष झारखंड स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के नेतृत्व में झारखंड की टीम ने सुब्रतो कप में भाग लिया है। आवासीय बालिका फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर गुमला झारखंड खेल विभाग द्वारा संचालित है। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, शिक्षा सचिव के रवि कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव, परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, उपनिदेशक खेल राज किशोर खाखा समेत खेल विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों और टीम की कोच बीना केरकेटा, खेल शिक्षक सह टीम मैनेजर प्रभात रंजन तिवारी को बधाई दी।

# मुझे किया जा रहा है परेशान : महंत

**रांची (आजाद सिपाही)।** धार्मिक न्यास बोर्ड और हनुमान मंदिर कमिटी का विवाद सुलझता नहीं दिख रहा। मंदिर कमिटी के महंत महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी ने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से उन्हें बार-बार परेशान किया जा रहा है, मैं बीमार हूं और अगर मुझे कुछ भी हुआ, तो इसके लिए धार्मिक न्यास बोर्ड जिम्मेदार होगा। बोर्ड के लोग कहते हैं कि वे मंदिर का विकास करना चाहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है बोर्ड के लोग मंदिर को राजनीति का अखाड़ा बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बार-बार तंग किया जा रहा है, कुछ भी अगर हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी धार्मिक न्यास बोर्ड की होगी प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में सोमवार को मंदिर कमिटी ने प्रेस मीट रखा, जिसमें मंदिर प्रबंधन ने धार्मिक न्यास बोर्ड का खुल कर विरोध किया।

# राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड 2023 से राधा सम्मानित




**रांची (आजाद सिपाही)।** रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर सेवा देने के लिये रांची की राधा को अयोध्या में राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन और मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन अवॉर्ड हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद (ओलंपियन) एवं विशिष्ठ अतिथि जौनपुर के सिंगरामऊ स्टेट की महारानी शिक्षाविद डॉ अंजू सिंह, सहजनवा, गोरखपुर की नगर पालिका अध्यक्ष संजू सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न जगहों से रक्तवीर शामिल हुये। मुख्य अतिथियों द्वारा रांची की बेटी राधा को प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिन्ह, मेडल, एवं अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि रांची की राधा सामाजिक कार्यों में बढ़कर का हिस्सा लेती है। वो झारखंड में किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी ना हो इसका पूरा ख्याल रखती है। उन्हें इस अवार्ड से नवाजे जाने के बाद समाजसेवी विकास जायसवाल ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विष्णु, रवि, अशोक, नीरज, दीपेश, राजेश के साथ अन्य लोगों ने राधा को बधाई दी।

# श्री दुर्गा पूजा समिति भुताहा तालाब का पंडाल काल्पनिक मंदिर होगा, अभय प्रदान करती दिखेंगी मां जगतजननी

आजाद सिपाह संवाददाता



**रांची।** श्री दुर्गा पूजा समिति, भुताहा तालाब का पंडाल काल्पनिक मंदिर होगा। अपने पूजन के लिए प्रख्यात श्री दुर्गा पूजा समिति पिछले 97 वर्षों से नवरात्र में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करती आ रही है। पंडाल की ऊंचाई 45 फीट और लंबाई 35 फीट होगी, जिसमें माता की 13 फीट की दिव्य प्रतीमा स्थापित कर पूजा की जायेगी। प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार रामपाल जी द्वारा किया जा रहा है। श्रीगणेश, कार्तिकेय सहित माता महालक्ष्मी तथा महासरस्वती विराजमान होंगी। पंडाल और प्रतिमा का निर्माण पश्चिम बंगाल के कलाकार प्रदीप बंगाली तथा मातादीन टेंट हाउस के कारीगरों द्वारा कराया जा रहा है। मंत्रमुग्ध करने वाले पूजा पंडाल की साज-सज्जा देखते ही बनेगी। पूजा समिति के आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह) ने बताया कि आकर्षक विद्युत सज्जा, तोरणद्वार, लाइटिंग, साउंड, प्रतिमा, पूजन सामाग्री आदि पर कुल मिला कर लगभग सात लाख पचास हजार रुपये खर्च किये जायेंगे। वहीं पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड तथा वॉलंटियर्स मौजूद रहेंगे। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि कहीं अधिक भव्यता के साथ समिति इस वर्ष पूजा का आयोजन करने जा रही है, जिसे देखने दूर दराज से भक्त जन भुतहा तालाब तक आते हैं, दुर्गा पूजा के लिए प्रख्यात श्री चैती दुर्गा मंदिर भव्य आयोजन और मां जगदंबे के स्वागत के लिए तत्पर खड़ी है।

**दुर्गा पूजा समिति में ये लगे हैं आयोजन में**

मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, वरिष्ठ संरक्षक कुमार राजा, उदय साहू, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, राजकुमार गुप्ता, दीपू सिंह, राजेश साहू, संरक्षक वरुण साहू, विशाल कृष्णा। अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, महामंत्री मनीष सेठी, कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह, आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह), गणेश सिंह, सूरज वर्मा, भोलू सिंह, बंटी वर्मा, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आकाश रजक, नमन भारतीय आदि लगे हैं।

# क्षीरसागर का निर्माण करेगी बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के दीपाटोली की बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष क्षीरसागर का निर्माण करेगी। श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश गोप ने सोमवार को बताया कि समिति हर साल कुछ अलग करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करती है। हर साल पूजा पंडाल को इको फ्रेंडली बनाया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचे। साथ ही, पंडाल में आये भक्तों को प्रकृति के बीच होने का एहसास हो। उन्होंने बताया कि इस बार हमारे पूजा पंडाल की थीम श्री हरि विष्णु का निवास स्थान क्षीरसागर है।

उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हमारे मुख्य पंडाल का गेट लगभग 80 फीट चौड़ा है, जो श्री हरि विष्णु के तिरुपति बालाजी प्रतिमा के प्रारूप की तर्ज पर निर्माण किया जा रहा है। तिरुपति बालाजी का 30 फीट ऊंचा बड़ा सा मुकुट धारण किये हुए चेहरे का स्वरूप रहेगा और उसके गेट के अंदर जैसे ही श्रद्धालु प्रवेश करेंगे, तो श्री हरि विष्णु की स्तुति कीधुन सुनाई देगी। प्रत्येक द्वार में प्रवेश करते हुए भगवान विष्णु के 10 अवतार का दर्शन होगा। साथ ही श्रद्धालु मां भवानी की मुख्य प्रतिमा का दर्शन करते हुए क्षीरसागर में विराजमान श्रीहरि विष्णु का अवलोकन करते हुए पंडाल के निकास द्वार से बाहर की ओर प्रस्थान करेंगे। इस पंडाल के निर्माण की कुल लागत लगभग 35 लाख रुपये है।

## खलारी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने तुमांग पंचायत के धमधमियां में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी। इस दौरान उपस्थित मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि 25 सितंबर 1916 को महान विचारक एवं एकात्म मानववाद के मंत्रदृष्टा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म हुआ था। कहा गया कि पंडित दीनदयाल जी का मत व विचार था कि भारत महज जमीन का एक टुकड़ा नहीं बल्कि जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। यहां की संस्कृति एवं सभ्यता के बिना यह राष्ट्र अधूरा है। उन्होंने स्वाधीन भारत की सामाजिक, आर्थिक, संस्कृति एवं राजनीति दषा और दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान दो अक्टूबर को भाजपा खलारी मंडल की ओर से स्वाच्छता अभियान चालए जाने का भी निर्णय लिया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भोलानाथ चैहान ने दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, सोशल मीडिया संयोजक रांची जिला ग्रामीण शिवकुमार चौधरी, चतुर्गुण भुइयां, अमित चैधरी, प्रदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

## हुटाप में झामुमो की बैठक में नये लोगों ने ली सदस्यता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** हुटाप पंचायत के मुंडा धौडा में करमा पूजा के अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं की विशेश बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो हुटाप पंचायत अध्यक्ष गौतम यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान उपस्थित थे। इस दौरान करमा पूजा को लेकर खोहड़ा टीमों की ओर से पारंपरिक झूमर नृत्य और गीत पेश किया गया। वहीं मौके पर सभी खोड़हा टीमों को खलारी झामुमो की ओर से विषेश वस्त्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर नए लोगों ने भी झामुमो की सदस्यता ली। सभी नए सदस्यों का माला पहनाकर प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। नयी सदस्यता लेने वालों में रंथू यादव, इमरान खां, नितमा कुमारी, सरिता देवी, रेखा देवी, संतोषी कुमारी, जीरा देवी, उर्मिला देवी, रुपनी टोप्पो, संगीता कुमारी, अनिता कुमारी, सुनीता कुमारी, दीपा कुमारी, संध्या कुमारी, सुलेखा कुमारी,नीतू कुमारी आदि शामिल है। इस अवसर मुख्य रूप से चितरंजन सिंह, राजेश प्रसाद, राजकुमार गंझू, शंभुदास, हेदर अली खान, कलाम रिजवी, रोहित यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बांसपति देव स्थल डकरा में समाज के लोगों ने करम डाली अर्पित कर की विधि-विधान से पूजा

**खलारी (आजाद सिपाही)।** करमा पूजा के शुभ अवसर पर बांसपति देव स्थल डकरा में तुरी समाज के लोगों ने करम डाल को अर्पित किया और विधि विधान तरीके से बांसपति देव की पूजा की। अपनं संबोधन में इंदिरा तुरी ने बताया कि करम पूजा प्राकृतिक पर्व है। हम लोग जल-जंगल जमीन और पेड़-पौधे की पूजा करते हैं। करम पूजा के दिन करम डाल की पूजा की जाती है। यह पर्व भाई बहन के प्यार और निष्ठा का पर्व है। सभी को इसकी पूजा करनी चाहिए। वहीं कमलेश तुरी ने बताया कि करम पूजा, सरहुल पूजा, आसरी पूजा, गंवात पूजा, बासपति पूजा, सोहराय पूजा हमारी संस्कृति है, हमारी पहचान है। हमारी संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। इसकी शुरूआत आदिकाल से ही हुई थी। इस मौके पर इंदिरा तुरी, कमलेश तुरी, दशरथ तुरी, राजेश तुरी, आनंद तुरी, मनोज तुरी, विकास तुरी, कैलाश तुरी, अजय तुरी, अनिल तुरी, कृष्णा तुरी, शिबू तुरी, किशुन तुरी, विजय तुरी, रंजीत तुरी, संगीता देवी, रजनी देवी, सोनी देवी, सरिता देवी, शोभा देवी, परमिला देवी, विलासी देवी, पारो देवी, झूनियां देवी, शांति देवी के अलावा खुंटी टोला, भूतनगर, कोकारियाटांड, मानकी, धोबी टोला, हुटाप, गुलजरबाग आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा समिति का गठन, संतोष महली अध्यक्ष और सहदेव महली बने सचिव

**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया माइनस दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। जिसमें इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष संतोष महली, उपाध्यक्ष विवेक चैरसिया, दिलु कुमार, सचिव सहदेव महली, सह सचिव संतोष महतो, रामेश्वर भोगता, राजू पासवान, कोषाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, सहकोषाध्यक्ष भरत रजक, गणेश मोदी के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में विनय उरांव, जतरू गंझू, कर्मा मांझी, धर्मेंद्र पासवान, राजेंद्र साव, अजय चैहान, मनोज साव, सोनू राम, संजय बेदिया, जीतू बाउरी, विशेष्वर बाउरी, विनोद उरांव, दिनेश्र सिंह, बंधन मुंडा, बुनिया उरांव, मंटू करमाली, शंकर सिंह, सतन भुइयां, बैद्यनाथ मांझी, सुरेंद्र गंझू, बसंत महतो, सुनील पासवान, भुनेश्वर मिस्त्री, रमेश भुइयां, दीपक नायक, किशोर उराव, पारसनाथ उराव, रोहित राम, बलराम मांझी, सुरेश उरांव, कंदरू मुंडा, सुरेश राम, सरजू सिंह, अयोध्या राम, मुरारी शर्मा, राजेश वर्मा, सुरेश मंडा, महेश महली, मनु उराव, कुंजीलाल उरांव, जुगेश पासवान, शशि उरांव, शिवकुमार चैधरी शामिल है।

## करम पर्व पर पहान और खोड़हा टीम को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा नावाडीह शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने प्रकृति पर्व करम के अवसर पर नावाडीह के पहान व खोड़हा टीम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बधाई देते हुए नशामुक्त कर्मा मनाने की अपील की। इस अवसर पर रॉकी पहान, बॉबी व डब्लू पहान के अलावे रैविमो के रमेश गंझू, भरत महतो, बिनोद मुंडा, मिथुन गंझू, बिनोद भुइयां, रामपाल, प्रकाश, दिनेश गुप्ता, रोहित, प्रेम, जतरु, अजय, अरविंद यादव आदि मौजूद थे।

## खलारी व आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मना करम पर्व

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी कोयलांचल सहित आस-पास के क्षेत्रों में सोमवार को करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। करमा पर्व को लेकर बहनों ने अपने भाईयों के दीघार्यु, सुख शांति व उनकी सलामती के लिए उपवास रखा। शाम को करम की डाली आंगन में गाड़ी गई। उसके नीचे जौ बुना गया और पूरे विधि-विधान से पूजा की गई। क्षेत्र के महावीर नगर, जीटाईप, खलारी बाजारटांड़, धमधमिया बिरसानगर, लपरा, मानकी बस्ती, बरटोला, नया धौड़ा, चानक धौड़ा, चदरा धौड़ा और पीपलधौड़ा आदि जगहों में सरना समितियों द्वारा करमा पूजा का आयोजन किया गया।

**हड़कंप :** रेलवे लाइन बिछाने के कार्य में जुटी कंपनी दहशत में

# नक्सलियों ने फूंकी गाड़ियां


आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चट्टी नदी के समीप थर्ड रेल लाइन के काम में लगे कंपनी की गाड़ियों को नक्सलियों ने आग लगा दिया। चट्टी नदी के पास केइसी कंपनी के अंतर्गत विभीभी कंपनी का थर्ड रेल लाइन बनाने का काम चल रहा है। घटना सोमवार की रात सात बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार 12-15 की संख्या में आये हथियारबंद लोगों ने साईट पर पहुंचकर फायरिंग करते हुए गार्ड और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया। इसके बाद हथियारबंद लोगों ने एक कोपलेन, एक हाइवा, एक क्रेटा और एक डीजी जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद सभी हथियार बंद लोग वहां से चले गए। जिसके बाद वहां मौजूद कर्मचारी मजदूर भी डर से भाग गए थे। घटना की सूचना मैकलुस्कीगंज पुलिस को दी गई है।



धू-धू कर जलता वाहन।

## पुरनाडीह में विगत दिनों डंपर में की गयी आगजनी की टीएसपीसी ने ली जिम्मेवारी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया के पुरनाडीह में विगत दिनों हुई आगजनी की घटना की जिम्मेवारी तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) ने ली है। गौरतलब हो कि पुरनाडीह-केडीएच साइडिंग ट्रांस्पोर्टिंग सड़क पर 22 सितंबर की रात एक डंपर ट्रक में हथियारबंद लोगों द्वारा आग लगा दिया गया था। आग लगाने से पूर्व फायरिंग भी की गई थी। टीएसपीसी ने इस घटना की जिम्मेवारी लेते हुए उत्तरी दक्षिणी सीमांत सबजोनल कमेटी के बलवंत जी द्वारा सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ दिन पूर्व केडीएच कांटाघर में जो घटना हुई थी वह भी टीएसपीसी द्वारा अंजाम दिया गया था। एनके और पिपरवार एरिया में संगठन से बात नहीं होने तक डंप बंद रखने की चेतावनी दी गई है। उग्रवादियों ने डंप संचालकों को भी अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। पेलोडर ऑनर से अनुरोध किया गया है कि जब तक कमेटी संगठन से बात नहीं करती है तब तक लोडर नहीं चलाएं।

## 7वीं बार चैंपियन बने सिल्ली के तीरंदाजों की टीम को विधायक सुदेश महतो ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** सातवीं बार चैंपियन बनें सिल्ली प्रखंड के तीरंदाजों ने सिल्ली स्टेडियम परिसर में विधायक सुदेश महतो से मुलाकात की। इस उपलब्धि पर विधायक ने तीरंदाज टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया एवं जीत की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब हो कि पिछले दिनों रांची के खेलगांव होटवार में आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्ली प्रखंड के तीरंदाज सातवीं बार चैंपियन बने। इसकी जानकारी देते हुए कोच प्रकाश राम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में साझा आर्चरी सेंटर के सिल्ली जोन्हा, राहे तथा रांची के तीरंदाज शामिल थे। सिल्ली साझा आर्चरी सेंटर के 22 तीरंदाजो ने हिस्सा लिया एवं कुल 66 मेडल प्राप्त किया। जिसमें गोल्ड 27 गोल्ड, सिल्वर 20 सिल्वर एवं 19 कांस्य पदक शामिल है। वहीं स्टेडियम में पिछले दो दिनों से चल रहे राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हो गया। चयन प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न आर्चरी सेंटर से लगभग 200 तीरंदाजो ने हिस्सा लिया। सफल तीरंदाज जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## अशोका ट्रांसपोर्टिंग मार्ग में छलटा पुल ध्वस्त होने से ठप हुई कोयला ढुलाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक कोल परियोजना से आरसीएम साइडिंग राय तक होने वाली कोयला ढुलाई के ट्रांसपोर्टिंग मार्ग के सपही नदी में निर्मित छलटा पुल के ध्वस्त होने कोयले की ढुलाई पूरी तरह ठप हो गयी है। अशोका परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक कोयला ढुलाई का कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है। जिस कारण आरसीएम साइडिंग से प्रतिदिन निकलने वाली रेलवे के माध्यम से देश के अन्यत्र पावर प्लांट में भेजे जाने वाली कोयले की सप्लाई भी बाधित रहेगी। ज्ञात हो कि एक से दो रैक कोयला रेलवे के माध्यम से अन्यत्र स्थान पर भेजा जाता था, जो पूरी तरह से ठप रहेगा। साथ ही कोयले की ट्रांसपोर्टिंग का कार्य छलटा पुल निर्माण के बाद ही शुरू किया जा सकेगा। जिस कारण सीसीएल को प्रतिदिन लाखों का नुकसान होने की संभावना है। इधर, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि राय छलटा पुल ध्वस्त होने से अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक होने वाली कोयले की ढुलाई कम से कम 15 दिनों तक बंद रहेगी। छलटा पुल निर्माण के बाद ही ट्रांसपोर्टिंग शुरू हिोने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन ट्रांसपोर्टिंग के माध्यम से लगभग 6000 टन कोयले की ट्रांसपोर्टिंग प्रभावित होगी। आरसीएम साइडिंग से अन्यत्र पावर प्लांट में प्रतिदिन रेलवे से भेजे जाने वाले एक से दो रैक सप्लाई बाधित रहेगा।

## करम केवल त्योहार नहीं, आत्मचिंतन का अवसर भी है: धर्मगुरु बगरय मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सरना धर्म सोतोः समिति केंद्र डौगड़ा में करम पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धर्मगुरु सोमा कंडीर और धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में सरना में भगवान सिङबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया सिंङबोंगा से आशीर्वाद लिए और सबको करम की शुभकामनाएं दिए। इससे पहले नौ प्रकार के बीजों से तैयार जावा एवं करम डाली अखड़ा में स्थापित की गई. जावा के लिए नदी से बालू छानकर दो नई टोकरियों में भरी गई और नौ प्रकार की बीज जैसे धान, मड्डुआ, उरद, सरगुजा, ज्वार, गोंदली, मक्का, गेहूं व रह-ड़ उठाकर नौ दिनों तक हल्दी पानी से सींचकर तैयार किया गया। जावा फूल सौहार्द व खुशहाली का प्रतीक है जिसे पुरुष कान और महिलाएं कोपों में एक-दूसरे को लगाकर खुशियां बांटी। धर्मगुरु बगरय मुंडा ने करम कहानी के माध्यम से अनुयायियों को संदेश दिया कि करम न केवल एक त्योहार नहीं बल्कि यह अपने कर्मों के प्रति आत्मचिंतन-मंथन और विचार करने का अवसर है।

**बिना अतिक्रमण हटाये ही कर दिया गया नाली का निर्माण, संकरी हो गयी सड़क**

## लंबी उपेक्षा के बाद पुराना अनुमंडल अस्पताल जानेवाली जर्जर बाइपास सड़क की मरम्मत शुरू

**आजाद सिपाही में प्रमुखता के साथ छापी गयी थी खबर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** लंबी उपेक्षा और ढुलमुल रवैये के बाद रॉकी सिनेमा हाल होते हुए पुराना अनुमंडलीय अस्पताल जाने वाली बाईपास सड़क का निर्माण कार्य अंततः शुरू कर दिया गया है। ***आजाद सिपाही*** अखबार ने तीन दिनों तक इस सड़क के बारे में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इस सड़क पर अतिक्रमण हटाए बिना ही नाली निर्माण कर दिया गया है। जिससे सड़क मात्र 8 फीट का ही रह गया है। इस सड़क में मुश्किल से ही एक गाड़ी आ जा सकेगी जिसमें रॉकी हाल के पास दो स्तरीय पत्थर सोलिंग किया जा रहा है। नगर पंचायत के कनीय अभियंता विनीता कुमारी से फोन पर बात करने पर बताया कि रॉकी हाल के पास गलती से नाली ऊंचा हो गया है। अब इस गलती को सुधार करने के लिए उस स्थान पर द्विस्तरीय बोल्डर शॉलिंगकर सड़क बनाया जा रहा है जिससे आगे-पीछे सड़क पर पानी जमा होने की संभावना बनी हुई है। वर्तमान में थाना रोड के मुख्य मार्ग पर दुर्गा पूजा पंडाल बन जाने से नगर क्षेत्र का यही एकमात्र सड़क आने-जाने के लिए बचता है। ऐसे भी दुर्गा पूजा ज्यादा दिन नहीं है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से फोन पर संपर्क करने पर कहा गया था कि इस रोड पर 26 सितंबर को नापीकर मार्किंग किया जाएगा एवं अतिक्रमण हटाया जाएगा। संवेदक द्वारा 18 दिनों में पूर्ण करना है संवेदक से फोन पर संपर्क करने पर कहा गया कि सड़क 10 से 12 फीट बनेगी। वर्तमान में सड़क 8 फिट है और नाली के ऊपर से सड़क बनाया जाएगा। ऐसे में इस सड़क से भारी वाहन भी चलेंगे जिससे दुर्घटना की संभावना प्रबल रहेगी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सोनाहातू-राहे में धूमधाम से मनाया गया करम पर्व



सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ करमा पर्व मनाया गया। इस दौरान गांव के अखरा को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया, जहां बहनें उपवास रखकर हाथों में पूजा की थाली लेकर पारंपरिक परिधान में आयी। पुरखों ने भाई-बहन के प्रेम और फसलों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से करमा और धरमा नाम के दो भाइयों को करम और धरम का प्रतिक मान कर पूजा जाता है। गांव के अखरा में पुरोहित और पहान ने व्रतियों व अखरा में उपस्थित ग्रामीणों को करमा-धरमा नामक भाइयों की कहानी सुनाई। प्रखंड के कई गांव में अखरा सजाया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू और झारखंड आवासीय विद्यालय राहे में भव्य रूप में करमा डाल गाड़ कर विधिवत पूजन किया गया। कटियाडीह गांव के अखरा में पूर्व मुखिया कलावती देवी के आंगन में करमा पूजा किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मना प्रकृति पर्व करम

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में प्रकृति पर्व करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों के अनुसार तीन दिन पहले से करम पर्व का तैयारी की गयी है। नदी नाले से बालू उठा कर लाया गया और सुबह शाम उसको जगाया जाता है। इस पर्व में बहने अपने भाईयों की सुख समृद्धि की कामना करती है और उनके दीर्घायु के लिए पूजन करती है। मान्यता है कि इस पर्व को बहनें अपने भाईयों के लिए करती है। साथ ही यह प्रकृति पूजन का भी प्रतिक जाना जाता है। शाम को सभी ग्रामीण करम डाली के सामने इकट्ठा हो कर ढोल, मांदर की थाप पर नृत्य किया। पूजा के दूसरे दिन सुबह को तालाब, नदी या नाली में करम डाली का विसर्जन कर दिया गया।

## पीपीके कॉलेज में आदिवासी कॉलेज के छात्रावास में मनाया गया करम पर्व



बुंडू (आजाद सिपाही)। पीपीके कालेज के आदिवासी कॉलेज छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ करम पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी छात्रावास के छात्र उपवास रखकर छात्रावास प्रांगण पर करम डाली गाड कर विधि विधान से पूजा पाठ की। पाहान राम नाथ पाहान ने करम पर्व के इतिहास को बताया। आस पास की लड़कियों ने भी पूजा में बढ चढ कर हिस्सा लिया। रात भर अखाड़ा में नाच गान नगाड़े की ताल पर होता रहा। इस अवसर पर छात्रवास के छात्रओं की ओर से गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया था। पूजा के बाद विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गई।

## बुंडू प्रखंड के खुदीमदकम व रेलाडीह गांव में घुसा 50 हाथियों का झुंड, दहशत में ग्रामीण



बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के खुदीमदकम और रेलाडीह गांव में रविवार की रात जंगली हाथियों ने दर्जनों किसानों के फसल रौंद दिया। ग्रामीण हाथियों के भय से दहशत में है। लोगों की मानें तो 50 से अधिक हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। रात को लोग उस रास्ते से आना जाना नहीं कर रहे है। रेलाडीह मुखिया सिद्धार्थ मुंडा ने घटना की जानकारी जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल को दी। सूचना पाकर जिला परिषद सदस्य एवं आजसू के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा खुदीमदकम पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। वन विभाग के लोग भी पहुंचे और भुक्तभोगी किसानों से मुलाकात कर क्षतिपूर्ति की जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों के बीच मोविल और पटाखे का वितरण भी किया। इन्हें जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि 50 से अधिक हाथियों का झुंड वन में तीन दिन से डेरा डाले हुए हैं। भुक्तभोगियों ने मुआवजा देने की मांग कर वन विभाग के रेंजर को ज्ञापन सौंपा। आजसू की ओर से ग्रामीणों के बीच फटाका वितरण किया गया। ग्रामीणों ने रेलाडीह पंचायत के मुखिया सिदार्थ सिंह मुंडा, बुंडू जिलापरिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, ताराचंद मुंडा, राजकिशोर कुशवाहा ने हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त खेतों का जायजा लिया।

## सोनाहातू में जंगली सूअर से लोग परेशान

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हितजारा गांव में इन दिनों जंगली सूअर ने किसानों को परेशान कर दिया है। रविवार रात गांव के किसान लक्ष्मण महतो के खेत में जंगली सूअर के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया और धान को रौंद दिया है। एक एकड़ में लगे धान फसल को बर्बाद कर दिया हैं । जंगली सूअरों की तादाद बहुत ज्यादा हैं। ग्रामीणों के अनुसार 50-60 की संख्या में जंगली सूअर हैं। जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा और मुखिया विकास सिंह मुंडा ने वन विभाग से जंगली सूअर से फसल को बचाने की अपील की है।

## पिपरवार में पूर्व की तरह मजूदरों को मिलेगी संडे ड्यूटी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया में कार्यरत कोयला मजदूरों को पूर्व की तरह संडे ड्यूटी मिलेगा। रविवार को कोयला मजदूरों के जोरदार विरोध प्रदर्शन और बंदी के बाद देर शाम को संगम विहार में सीसीएल प्रबंधन और एसीसी की आपातकालीन बैठक हुई, जिसमें पूर्व की तरह मजदूरों को संडे ड्यूटी देने पर सहमति बनी। बैठक में सहमति बनने के बाद रविवार की देर रात को पिपरवार में काम काज चालू हो सका। इधर सोमवार की सुबह संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने अशोक परियोजना और सीएचपी परियोजना जाकर मजदूरों का आभार प्रकट किया। संयुक्त मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन नए-नए नियम लागू कर मजदूरों के सुविधा मे कटौती करने का प्रयास कर रही है। संडे ड्यूटी कटौती के खिलाफ मजदूरों की एकजुटता और विरोध के आगे प्रबंधन को आखिर झुकना पड़ा। इस मौके पर बसंत नारायण महतो, मोहम्मद असलम आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
09

# बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया करम पर्व



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाई-बहन का अगाध प्रेम, प्रकृति व आस्था का पर्व करम सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इधर शाम को बेड़ो,नगड़ी टोली,जरिया,बारीडीह,महुगांव, करांजी, पुरियो, तुको,दिघिया व केशा समेत दर्जनों गांवों के अखरा में पहान व पंडित जी की अगुवाई व घर के आंगनों में करम डाल की स्थापना कर भक्ति भाव से भगवान कर्म देव की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही बहनों ने भाई की सलामती और प्यार को अक्षुण्ण रखने के लिए निर्जला व्रत रखा। बेड़ो अखड़ा में बुधवा पहान द्वारा पूरे विधि विधान से करम डाली को गाड़ा गया। जिसके समक्ष बैठकर व्रतियों ने करमा धरमा दो भाई बहन की कहानी सुनीं। वहीं भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने करम डाली में रक्षा सूत्र बांधा।आदिवासी समाज के साथ-साथ सदानों ने भी प्रकृति पर्व पर पूजा-अर्चना कर बेहतर फसल, सुख-शांति व समृद्धि की कामना कर्म देव से किया। वहीं चार दिनों पूर्व लगाए गए अन्न में बड़ा-बड़ा जावा हो गया था। बांस व मिट्टी की डलिया में मिट्टी डालकर अन्न रखकर जमाये गए जावा की विशेष वार्षिक पूजा की गई।इधर घरों को सुंदर ढंग से सजाने के साथ-साथ अखड़ा और पूजा स्थल को भी सजाया गया। वहीं पूजा अर्चना के बाद रात भर गांव के अखरों में ग्रामीण ढोल,ढाक, मांदर व नगाड़ा की थाप व परंपरागत नाच गान कर थिरकते रहे।

# मांडर के मुड़मा चौक में बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी का किया गया पुतला दहन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड अंतर्गत मुड़मा चौक में समाजसेवी साकिर इस्लाही की नेतृत्व में बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी का पुतला दहन किया गया। वहीं उपस्थित विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी ने बताया कि लोकसभा में बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी द्वारा मुस्लिम समुदाय को बुरा भला कहने पर निंदा की गई। इससे नाराज लोगों ने निर्णय लिया और सोमवार को 5 बजे शाम में मुड़मा चौक पर विरोध स्वरूप उक्त सांसद का पुतला दहन किया गया। मौके पर साकिर इस्लाही, आबिद अंसारी, समीम अख्तर आजाद, समीम अख्तर, इरसाद, इमाम, अजबुल अंसारी, मकबूल अहमद, जमील अख्तर, मौलाना अलीइमाम, शमशुल हक, गफ्फार अंसारी, नुरुल्ला हबीब, फिरोज अंसारी, अजीम महमूद, मो. जलील, मंसूर आलम, नजबुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत

**मांडर (आजाद सिपाही)।** एनएच 75 पर मलटोटी पुल के निकट दो ट्रकों के आपस में टकरा जाने से सोमवार की अहले सुबह एक ट्रक के चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दो ट्रक मांडर से रांची की ओर जा रहे थे, इसी दौरान एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में आपस में टकराते हुए सड़क किनारे बने एक गड्ढे में जा गिरे। इस हादसे में एक 407 ट्रक के चालक की मौत हो गई। चालक की पहचान उसके पास से मिले कार्ड के अनुसार रांची के पंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मी नगर निवासी धर्मनाथ दास के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और दोनों ट्रकों को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आए और वहीं मृत चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# हरातू पंचयात में आजसू पार्टी महाधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हरातू पंचयात में सोमवार को आजसू पार्टी पंचयात प्रभारी और गांव प्रभारी के साथ पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने बैठक कर केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी हेतु चर्चा की। बैठक में महाधिवेशन में अनगड़ा प्रखंड के हर पंचयात से 29, 30 सितम्बर को जाने का आह्वान किया और कहा 1 अक्टूबर को हर पंचयात से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को महाधिवेशन में ले जाने की तैयारी चल रही है। बैठक में पंचयात अध्यक्ष किशोर मुंडा, कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा, गांव प्रभारी नरेश महतो, संदीप रजवार, इरफान खान, शिबू महतो, फुलेश्वर महतो, संतोष राजवार, मोतीलाल महतो, कार्तिक महतो, छोटन मुंडा आदि शामिल थे।

# लापुंग में धूमधाम से मनाया गया करम पर्व



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग में प्रकृति पर्व करम का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव के पहान के द्वारा करम की डाली को आंगन में गाड़कर रंगुआ मुर्गा की बली देकर विधिपूर्वक पूजा की गयी। लापुंग के फतेहपुर, ककरिया, देवगांव, लालगंज,महूगाव, दोलैचा पबिरा के अलावे अनेक गांव में करम पर्व धूमधाम से मनाया गया।

# दोलैचा दुर्गा पूजा समिति का गठन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के दोलैचा गांव में सोमवार को दुर्गा मंदिर के परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा कमेटी के पुनर्गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बबलू साहू कोषाध्यक्ष नीलकमल साहू सचिव रामगोविंद साहू को बनाया गया। मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंटू भगत, रोहित साहू,अमित भगत सुंदर साहू, बृजेश भगत,सामू भगत, नारायण साहू,अशोक भगत, राजेश साहू,शशि साहू,अनु भगत,रितेश भगत,सूरज साहू धिरजा महतो,किशोर साहू, विभाष साहू,गणेश साहू,विशाल भगत,रवि साहू,संतोष लव गणेश राम प्रसाद मौजूद थे।

## कार्यक्रम : अनगड़ा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती मनायी गयी

# पंडित दीनदयाल की विचारधारा करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत : सुरेंद्र महतो

**भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प माला चढ़ा कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल अंतर्गत साल्हन शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 90-91 में सोमवार को मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य सह राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो थे। इस अवसर पर भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प माला चढ़ा कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया।

मौके पर सुरेंद्र महतो ने कहा कि पंडित जी ने समाज में मैले-कुचैले अनपढ़ लोगों को जीवन की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य को लेकर जनसंघ की स्थापना की थी। उनके इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जरूरतमंदों, गरीबों को उनके हक और अधिकार दिलाया जा रहा है। देश आज चौमुखी विकास के रास्ते पर है। मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, जयशंकर मुण्डा, रामपद चौधरी, सिकंदर अंसारी, धनेश्वर नायक, संदीप मुण्डा, शहदेव करमाली, शिकारी महतो सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पं. दीनदयाल की जयंती पर जैलेंद्र कुमार ने कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को किया सम्मानित




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने अनगड़ा प्रखंड के सुदूर गांवों का भ्रमण कर पंडित जी की समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में सोंच के बारे में बताया व पवित्र पर्व करमा की बधाई दी। इस दौरान बोंगईबेड़ा, ढेलवा खूंटा आदि गांवों में जाकर गांव के पहान को सम्मानित किया और ग्रामीण महिलाओं को लाल पाड़ साड़ी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जगेश्वर महतो, धनीराम महतो, विक्रम उरांव, मंगल उरांव आदि उपस्थित थे।

# प्रौद्योगिकी विकास पर एक दिवसीय वेबिनार आयोजित

**वेबिनार का टॉपिक घर्षण हलचल वेल्डिंग- वेल्डिंग के क्षेत्र में एक प्रौद्योगिकी विकास था**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तहत मैकेनिकल विभाग ने एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक ई कौशल किशोर और एचओडी मैकेनिकल के स्वागत भाषण से हुई। एक दिवसीय वेबिनार के मुख्य वक्ता सह अतिथि डॉ. रत्नेश कुमार सहायक प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियरिंग एनआईटी दुर्गापुर मौजूद थे। एक दिवसीय वेबिनार का टॉपिक घर्षण हलचल वेल्डिंग - वेल्डिंग के क्षेत्र में एक प्रौद्योगिकी विकास था। मौके पर डॉ रत्नेश कुमार ने बताया कि घर्षण हलचल वेल्डिंग, संलयन-आधारित जुड़ने की प्रक्रियाओं पर कई फायदे प्रदान करता है। खासकर जब एल्यूमीनियम मिश्र धातु को जोड़ते हैं। ठोस अवस्था में बने रहना, संलयन वेल्डिंग के दौरान पिघलने और जमने से जुड़े कई दोषों से बचना, जैसे कि छिद्र और जमना दरारें हैं। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति के साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थे। वेबिनार के सफल आयोजन में डॉ. अंजनी कुमार सिंह, डीन (आई/सी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ई कौशल किशोर और एचओडी (मैकेनिकल), डॉ. कृष्ण मुरारी विभागाध्यक्ष (सीएसई), ई कुमारी विनीता विभागाध्यक्ष (ईसीई), ई दिलीप कुमार विभागाध्यक्ष (सिविल), ई. रौनक चौधरी विभागाध्यक्ष (ईई), ई अभिषेक रॉय कार्यशाला प्रभारी का अहम योगदान रहा।

# चान्हो में वज्रपात से दो की मौत, सात घायल

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के नकटा पहाड़ में दो कार में सवार होकर घूमने पहुंचे अठ युवाओं की टोली सोमवार की शाम वज्रपात की चपेट में आ गयी। वज्रपात की चपेट में आने से मो. अफाहुल (27) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं सात अन्य घायल हो गये। घायलों में मुबाशिर सुहैल मोहम्मद सदीक, मोहम्मद आमिर मोहम्मद अतीक, मोहम्मद आसिफ तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित गांव में रोशनी उरांव (14) की मौत हो गयी।

# श्री उपकार क्लब ने विशाल शोभायात्रा निकाल किया गणपति का विसर्जन

**विसर्जन शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** श्री उपकार क्लब पुराना बाजार में गणेश महोत्सव को लेकर पांचवा दिन भारत सरकार के पूर्व गृह मंत्री वह पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने फीता काटकर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता शोभा यादव व जिला परिषद पूनम देवी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश किरण व रांची जिला गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, ग्रामीण दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी, वरिष्ठ भाजपा नेता शशि भूषण भगत, डॉ त्रिवेणी नाथ साहू, शीला देवी और मनजीत उरांव उपस्थित थे। पूजा के छठे दिन भगवान गणपति की विशाल शोभा यात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। जिसमें श्री उपकार क्लब के अध्यक्ष मनीष केसरी, सिद्धि विनायक क्लब के अध्यक्ष आदित्य केसरी एवं स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी।

शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय, डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व थाना प्रभारी रोहित कुमार, समाजसेवी उपेंद्र मेहता, बजरंग महतो, चेक पोस्ट व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कमलेश केसरी, युवा समाजसेवी बालकरण महतो, विनोद केसरी, धर्म महतो एवं गणेश पूजा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण व क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल थे।

## बैठक : नगड़ी प्रखंड अंजुमन इस्लामिया की विशेष बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा

# संगठित होकर सामूहिक शक्ति व नेतृत्व के तहत काम करने का लिया गया संकल्प

**एक अक्टूबर को विशेष बैठक कर सभी बातों पर विचार-विमर्श कर लिया जायेगा ठोस निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड अंजुमन इस्लामिया की विशेष बैठक नगड़ी अंजुमन के सदर जनाब दिलरुबा अंसारी की सदारत में मदरसा कासिम उल उलूम में हुई। बैठक का संचालन मुख्तार अंसारी ने किया। बैठक में नगड़ी प्रखंड के सभी गांवों के 20 अंजुमन के सदर सेक्रेटरी व जिम्मेदार हजरात शामिल हुए। बैठक में शामिल सभी लोगों ने नगड़ी प्रखंड के अंजुमन को मिलाकर एक बड़ा अंजुमन बनाने के लिए विचार विमर्श किया और जल्द टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड के मुस्लिम कौम की सामाजिक, आर्थिक तालिमी और राजनैतिक स्थिति में पिछड़ने के क्या कारण और निरावरण हो सकता है, सभी स्थिति और परिस्थिति पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में संगठित होकर सामूहिक शक्ति व नेतृत्व के तहत काम करने का संकल्प लिया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि एक और विशेष बैठक यहीं मदरसा कासिम उल उलूम नगड़ी में 01 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को बाद नमाज होगी। जिसमें सभी बातों पर विचार कर ठोस निर्णय लिए जायेंगे।

बैठक में विशेष रूप से सरपरसत हाजी जनाब जाकिर हुसैन अंसारी, दिलरुबा अंसारी, फिरोज आलम, डॉ जुनैद आलम, सईद अहमद, शमी अहमद मुन्ना, मौलाना अनवारुल हक, मुर्तजा आलम, अख्तर अंसारी, हाजी रकीब अंसारी, यासीन अंसारी, इशमेआजम, मास्टर एनुल हक तस्लिम अंसारी, नूरुल होदा, मुराद अंसारी, अरशद अंसारी, आजाद अहमद, हबीब अंसारी, मोबिन अंसारी, मो. फिरोज, मंजूर आलम, मुस्तफा आलम, असलम अंसारी, इशरत अंसारी, इकबाल अंसारी, कुदुस अंसारी, गुलजार, जहांगीर अंसारी, नासिमुद्दीन, जावेद अहमद, शमसूल हक, अबू उबाईदा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सोमवार को भाजपा खिजरी मंडल के बूथ संख्या 226, 227, 228, 229 में सादगी के साथ मनायी। सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र कार्यालय में मुख्य रूप से उपस्थित खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर अपनी विचारों को रखा। इस दौरान कार्यकताओं ने उपाध्याय को अंत्योदय का प्रेरता, प्रखर, राष्ट्रवादी और विचारक बताया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग नामकुम प्रखंड खिजरी अशोक नायक, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, समीर राय, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, शिल्पी शालिनी, अनिरुद्ध पांडे, गोरखनाथ सिंह, मनोज कुमार, सुजीत कुमार सिन्हा, मुन्ना बड़ाईक, अखिलेश यादव, रामाधार सिंह, दिलीप साहू, रविंद्र कुमार, शैलेंद्र ठाकुर, एमपी सिन्हा, मनोज सिंह, नवीन कुमार, नीरज यादव, मिंटू सिंह, राम तपस्या सिंह के साथ भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरला बिरला योग सभागार में मनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** युगपुरुष भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती भाजपा टाटीसिलवे मंडल द्वारा सोमवार को सरला बिरला के योग सभागार में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में मनायी गयी। संचालन मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन अमित चरण ने किया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि तीन वर्ष की आयु में उनके पिता भगवती और सात वर्ष की आयु में माता राम प्यारी का निधन हो गया था। बड़ी कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और इस बीच वह राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के संपर्क में आये। ठीक यही से उनके जीवन ने एक सही दिशा पकड़ते हुये जनसंघ पार्टी की स्थापना कर डाली। उन्होंने कहा कि वह चुनाव भी जीते, मगर राजनीति का कभी दुरुपयोग नहीं किया। सदैव सादगी से परिपूर्ण जीवन व्यतीत किये जाने को तरहीज दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, उपाध्यक्ष राणा दिनकर सिंह, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रशांत किशोर, गिरिधर मिश्र, हलधर मिश्र, महेंद्र महतो, श्रीदाम सिंह मुंडा, राजीव सिंह, मुरेश महतो, सोमनाथ महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# बेड़ो व नरकोपी मंडल भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजपा की बेड़ो व नरकोपी मंडल ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। मौके पर दीनदयाल की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका लक्ष्य अंत्योदय था, जिसे हासिल करने की दिशा में सरकार और पार्टी कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। वहीं करम पूजा के अवसर पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के सहयोग से साड़ी और धोती का वितरण किया गया। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी,भीखा उरांव,सुखदेव कच्छप,बलराम सिंह,राजेश साहू,महावीर साहू कुमुद कुमार वर्मा,जतरू उरांव प्रकाश साहू,अनिल साहू,संदीप ठाकुर दिलीखलखो,सनी खेस मदन खेस सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाइयों ने बच्चों व ग्रामीणों के बीच किया वस्त्र व अन्य सामग्री का वितरण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर ओरमांझी प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य गांव बड़ा गगारी ओरमांझी में छोटे बच्चों व ग्रामीणों के बीच टी-शर्ट, पैन्ट, लंच बॉक्स, चॉकलेट, बिस्कीट आदि का वितरण किया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक छोटा सा प्रयास है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने भी पंडित दीनदयाल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौरे पर ओरमांझी पंचायत के उपमुखिया सह भाजपा नेता संतोष गुप्ता, आनन्द महतो, सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, मनोज गुप्ता ,रूपेश साहू, अशोक बेदिया सहित काफी संख्या में बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिकिदिरी मंडल भाजपा ने पं. दीनदयाल की जयंती मनायी



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के नेतृत्व में सोमवार को सिकिदिरी क्षेत्र के बूथ नंबर 151, 152 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी गयी। जिसमें मुख्य रूप से खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष धनेश्वर बेदिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष बलराम साहू, संजय करमाली सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन पिछले दिनों ढेलुवाखुटा निवासी मृतक उमेश मुंडा के परिजनों से मिले और न्याय दिलाने की बात कही। वहीं मनमोहन भोगता की पत्नी की पिछले दिनों मौत हो गई थी। उनके परिजनों से मिलकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

